The Bank only considers those guarantees which are direct, explicit and unconditional. For availing benefits under Credit Risk Mitigation, the protected portion of the guarantee is assigned the risk weight of the guarantor.

संप्रभु सरकारों, सरकारी संस्थाओं, बैंकों, प्राथमिक व्यापारियों तथा उच्च रेटिंग प्राप्त कॉरपोरेट संस्थाओं को रिजर्व बैंक के बासेल II संबंधी दिशानिर्देशों में निर्धारित रूप में पूंजीगत अभिलाभ प्राप्त करने के लिए बैंक द्वारा पात्र गारंटीकर्ता माना जाता है.

Sovereigns, sovereign entities, banks, primary dealers and highly rated corporate entities are considered as eligible guarantors by the Bank for availing capital benefits as stipulated in the RBI guidelines on Basel II.

सीआरएम तकनीक में शामिल बैंक की ऋण सहायता निम्नानुसार है :

The bank exposure where CRM techniques were applied are as follows:

(₹ करोड़) (₹ Crore)

विवरण Particulars	निधि आधारित Fund Based	गैर-निधि आधारित Non Fund Based
पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूति में शामिल कुल ऋण सहायता Total Exposures covered by eligible financial collateral	8542.23	11662.35
पात्र संपार्श्विक प्रतिभूति का लाभ लेने के बाद ऋण सहायता Exposure after taking benefit of eligible collateral	3322.90	8020.63

जहां रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार कॉरपोरेट गारंटियों का सीआरएम तकनीक के रूप में प्रयोग किया गया वहां ऋण सहायता की राशि ₹ 546.21 करोड़ थी.

The exposure covered by corporate guarantees where CRM techniques as per RBI guidelines were applied amounted to ₹.546.21crores.

डीएफ-7 : प्रतिभूतिकरण ऋण निवेश : मानकीकृत दृष्टिकोण का प्रकटन

DF-7: Securitisation exposure-Disclosure for Standardised Approach

बैंक अपनी जोखिम प्रबंध रणनीति के एक हिस्से के रूप में पूंजी के प्रभावी उपयोग, चलनिधि में वृद्धि और परिसंपत्तियों से अधिकतम प्रतिफल प्राप्त करने के लिए प्रतिभूतिकरण कार्यकलाप करता है. बैंक के मुख्य प्रतिभूतिकृत ऋण-निवेश पास थ्रु सर्टीफिकेटों (पीटीसी) के रूप में प्रतिभूतिकृत ऋण-पत्रों में किये गये निवेश और द्वितीय हानि तथा चलनिधि सुविधा के रूप में ऋण वृद्धि प्रदान करना है. बैंक कॉरपोरेट ऋणों, खुदरा ऋण समूहों और प्रतिभूतिकृत ऋण-पत्रों का क्रय-विक्रय करता है. इन ऋणों / प्राप्य राशियों को रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार प्रतिभूतिकरण मार्ग से प्राप्त किया जाता है.

The Bank takes up securitisation activity for efficient use of capital, enhancing liquidity and churning of assets as part of the risk management strategy. The main securitsed exposures of the Bank are the investments made in securitized papers in the form of Pass Through Certificates (PTCs) and the providing of credit enhancements in the form of Second Loss and Liquidity facility. The Bank enters into purchase /sale of corporate loans, pool of retail loans and securitised paper. These loans/ receivables are acquired through the Securitisation route in accordance with the prevalent RBI guidelines.

बैंक प्रतिभूतिकरण लेन-देनों में निम्नलिखित में से कुछ या सभी भूमिकाएं अदा करता है:

The Bank plays either some or all of the following roles in securitisation transactions:

1. **निवेशक:** निवेशक जो विशेष प्रयोजन माध्यमों (एसपीवी) द्वारा जारी प्रतिभूतिकृत ऋण-पत्रों अर्थात् पास थ्रु सर्टीफिकेटों (पीटीसी) में निवेश करता है.

   Investor: As an investor who invests in the securitized papers viz. Pass Through Certificates (PTCs) issued by the Special Purpose Vehicle (SPV).

2. **ऋण वृद्धि प्रदाता:** भारत में खुदरा ऋणों के प्रतिभूतिकरण लेन-देन, जिसकी शुरुआत फरवरी 2006 में रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के लागू होने के बाद हुई, सामान्यतः चलनिधि सुविधा (एलएफ), प्रथम हानि ऋण सुविधा (एफएलसीएफ) तथा द्वितीय हानि ऋण सुविधा (एसएलसीएफ) द्वारा समर्थित हैं. इन सुविधाओं को सामूहिक रूप से ऋण वृद्धि कहा जाता है. चलनिधि सुविधा का प्रयोग समूहन अंतर्वाहों में अस्थायी असंतुलन को पूरा करने के लिए किया जाता है जबकि प्रथम हानि ऋण सुविधा और द्वितीय हानि ऋण सुविधा समूहन ऋण में कमियों को पूरा करने के लिए आशयित हैं.

Provider of Credit Enhancement (CE): Securitisation transactions of retail loans in India, originated after introduction of extant RBI guidelines in February 2006, are generally backed by Liquidity Facility (LF), First Loss Credit Facility (FLCF) and Second Loss Credit Facility (SLCF), collectively known as Credit Enhancement. While LF is used for meeting temporary mismatch in pool inflows, FLCF and SLCF are meant for meeting pool delinquencies.

3. **प्रवर्तक:** एक प्रवर्तक के रूप में बैंक अपने ऋण पोर्टफोलियों की प्रतिभूतिकरण मार्ग के जरिए एसपीवी को एकल परिसंपत्ति या परिसंपत्तियों के समूह की बिक्री के रूप में करता है.

Originator: As an originator the Bank sells its loan portfolios either a single asset or a pool of assets to an SPV through the securitisation route.

4. **सेवा प्रदाता:** प्रतिभूतिकृत समूहों के लिए, बैंक एसपीवी की ओर से प्रशासनिक कार्य करता है, एसपीवी की निधियों का प्रबंध करता है और निवेशकों को सेवाएं प्रदान करता है. भारत में, प्रवर्तक सामान्यतः अधिकांश लेन-देनों में सेवा प्रदाता की भूमिका अदा करता है.

Servicer: For pools securitized, the bank carries out administrative functions on behalf of the SPV, manages the SPV's funds and services the investors. In India, the originator generally plays the role of the servicer in most transactions.

क. **a.**	**बैंक के प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन निम्नलिखित हैं:** **The general qualitative disclosures with respect to securitisation activities of the Bank are as follows:**	
	• प्रतिभूतिकरण कार्यकलाप के संबंध में बैंक का उद्देश्य, उस सीमा सहित जिस तक ये कार्यकलाप अंतर्निहित प्रतिभूतिकृत ऋणों के ऋण जोखिम को बैंक से अलग अन्य संस्थाओं को अंतरित करते हैं. the bank's objectives in relation to securitisation activity, including the extent to which these activities transfer credit risk of the underlying securitised exposures away from the bank to other entities.	शुल्क आधारित आय व पूंजीगत अभिलाभ अर्जित करने तथा प्रतिभूतिकृत कागज़ात प्राप्त करने / बेचने के लिए ऋणों को दायित्व-रहित आधार पर प्रतिभूतिकृत किया जाता है जिसके द्वारा अंतर्निहित ऋणों का ऋण जोखिम प्राप्तकर्ता को अंतरित हो जाता है. To generate fee based income and capital gains and acquisition/ sale of securitized papers. The loans are securitized on non-recourse basis whereby the credit risk of the underlying loans is fully transferred to the acquirers.
	• अन्य जोखिमों का स्वरूप the nature of other risks.	कुछ नहीं Nil
	• प्रतिभूतिकरण प्रक्रिया में बैंक द्वारा निभायी जाने वाली विभिन्न भूमिकाएं और इनमें से हरेक में बैंक की सहभागिता की सीमा का संकेत The various roles played by the bank in the securitisation process and an indication of the extent of the bank's involvement in each of them;	वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान बैंक ने प्रवर्तक, निवेशक, ऋण वृद्धि, चलनिधि सुविधा प्रदाता और सेवा प्रदाता के रूप में निम्नलिखित भूमिकाएं अदा की हैं: During FY 2011, the Bank has played the roles of an Investor, Provider of Credit Enhancement and Liquidity Facility in Securitisation exposures as per the following details:

		क्र. सं. Sr. No	अदा की गई भूमिका Role played	लेन-देनों की संख्या No. of transactions	अंतर्निहित राशि (₹ करोड़) Amount involved (₹ Crore)
		1	निवेशक Investor	4	89.35
		2	ऋण वृद्धि प्रदाता (द्वितीय हानि सुविधा) Provider of Credit enhancement (Second Loss Facility)	1	36.27
		3	चलनिधि सुविधा प्रदाता Provider of Liquidity Facility	2	33.25
	• प्रतिभूतिकरण ऋण निवेशों के ऋण तथा बाज़ार जोखिम में परिवर्तनों की निगरानी करने के लिए लागू प्रक्रियाओं का विवरण a description of the processes in place to monitor changes in the credit and market risk of securitisation exposures.	प्रतिभूतिकरण ऋण-निवेश उन प्रतिभूतिकृत खुदरा ऋणों को समूहित करना है जहां प्रवर्तक सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करते हैं. समूह को एएए (एसओ) रेटिंग दी जाती है और उन्हें पर्याप्त ऋण वृद्धि (सीई) द्वारा समर्थन दिया जाता है. बैंक वसूली निष्पादन, चुकौती, समय-पूर्व भुगतान, ऋण वृद्धि के उपयोग तथा रेटिंग पूल की आवधिक निगरानी करता है. The securitisation exposure is to Pools of secured retail loans where the originators are acting as servicers. The pools are rated AAA(SO) and supported by adequate credit enhancement (CE). The Bank periodically monitors the collection performance, repayments, prepayments, utilization of CE and rating of the pools.			
	• प्रतिभूतिकरण ऋण-निवेशों के जरिए प्रतिधारित जोखिमों को कम करने के लिए ऋण जोखिम न्यूनीकरण के प्रयोग को नियंत्रित करने संबंधी बैंक की नीति का विवरण a description of the bank's policy governing the use of credit risk mitigation to mitigate the risks retained through securitisation exposures;	बैंक मानक परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण के संबंध में रिज़र्व बैंक के 1 फरवरी 2006 के परिपत्र में वर्णित दिशा-निर्देशों का अनुसरण करता है. बैंक रेटिंग एजेंसियों द्वारा निर्धारित रूप में पर्याप्त ऋण वृद्धि के साथ प्रतिभूतिकृत परिसंपत्तियों को अर्जित करता है. बैंक पर्याप्त ऋण वृद्धि वाले एएए (एसओ) रेटिंग प्राप्त प्रतिभूतिकृत समूहों में ही निवेश करता है. The Bank meticulously follows extant RBI guidelines on Securitisation of Standard Assets as outlined in RBI circular dated February 1, 2006. The Bank acquires securitized assets with adequate CE as stipulated by the rating agencies. The Bank's securitisation exposure is to AAA(SO) rated pools, where adequate credit enhancement have been provided.			
ख b	**प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के लिए बैंक की लेखा नीतियों का सारांश, निम्नलिखित सहित:** **Summary of the bank's accounting policies for securitisation activities, including:**				
	• लेन-देनों को बिक्री माना जाता है या वित्तपोषण whether the transactions are treated as sales or financings;	• प्रतिभूतिकरण को बिक्री माना जाता है. • प्रतिभूतिकृत कागजात का अर्जन निवेश माना जाता है. • Securitisation is treated as Sales. • Acquisition of securitized papers are treated as investments.			
	• प्रतिधारित या क्रय की गई स्थितियों का मूल्यांकन करने में प्रयुक्त विधियां तथा मुख्य धारणाएं (निविष्टियों सहित) methods and key assumptions (including inputs) applied in valuing positions retained or purchased	प्रतिभूतिकृत कागजात (पीटीसी) को रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशा निर्देशों के अनुसार फिम्मडा मूल्यांकन के आधार पर मार्क-टु-मार्केट किया जाता है. The securitized papers (PTCs) are marked to market based on FIMMDA valuations as per extant RBI guidelines.			

	• गत अवधि से विधियों तथा मुख्य धारणाओं में परिवर्तन और परिवर्तनों का प्रभाव changes in methods and key assumptions from the previous period and impact of the changes;	शून्य NIL
	• उन व्यवस्थाओं के लिए तुलन-पत्र में देयताओं को दर्शाने के लिए नीतियां जो बैंक से प्रतिभूतिकृत परसंपत्तियों के लिए वित्तीय सहायता की अपेक्षा कर सकती हैं. policies for recognising liabilities on the balance sheet for arrangements that could require the bank to provide financial support for securitised assets.	रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार देयताएं तुलनपत्र में दर्शायी जाती हैं. Liabilities are recognized on the balance sheet in terms of RBI guidelines.
	बैंकिंग बही में, प्रतिभूतिकरण के लिए प्रयुक्त बाह्य ऋण मूल्यांकन संस्थाओं (ईसीएआई) के नाम और प्रतिभूतिकरण ऋण निवेश का प्रकार जिसके लिए हर एजेंसी का प्रयोग किया जाता है. In the banking book, the names of External Credit Assessment Institutions (ECAIs) used for securitisation and the types of securitisation exposure for which each agency is used.	बैंक ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में किसी ऋण का प्रतिभूतिकरण नहीं किया. The Bank has not securitized any loan in FY 2010-11.
ग. **c.**	**बैंकिंग बही में बैंक के प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के संबंध में मात्रात्मक प्रकटन निम्नलिखित हैं:** **Quantitative disclosures with respect to securitisation activities of the Bank in the Banking book are as follows:**	
1.	बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत ऋणों की कुल राशि The total amount of exposures securitised by the bank	शून्य NIL
2.	वर्तमान अवधि के दौरान प्रतिभूतिकृत हानियों के लिए बैंक द्वारा हिसाब में ली गई ऋण सहायता For exposures securitized, losses recognised by the bank during the current period broken by the exposure type.	शून्य NIL
3.	एक वर्ष के भीतर प्रतिभूतिकृत की जाने वाली परिसंपत्तियों की राशि Amount of assets intended to be securitised within a year	शून्य NIL
4.	इनमें से प्रतिभूतिकरण से एक वर्ष पूर्व उत्पन्न हुई परिसंपत्तियों की राशि. Of the above, the amount of assets originated within a year before securitisation.	शून्य NIL

5.	प्रतिभूतिकृत ऋणों की कुल राशि (ऋण के प्रकार के अनुसार) और ऋण प्रकार के अनुसार बिक्री पर अभिलाभ या हानि न माने गये. The total amount of exposures securitised (by exposure type) and unrecognised gain or losses on sale by exposure type.	शून्य NIL
	निम्न की कुल राशि : Aggregate amount of: • ऋण के प्रकार के अनुसार विभक्त प्रतिधारित या खरीदे गए तुलन पत्र में शामिल किये गये प्रतिभूतिकरण ऋण on-balance sheet securitisation exposures retained or purchased broken down by exposure type and	(₹ करोड़) (₹ Crore)

	(₹ करोड़) (₹ Crore)
प्रतिधारित / खरीदे गए Retained/purchased	शून्य NIL
द्वितीय हानि सुविधा (1 प्रतिभूतिकरण लेन-देन के लिए) Second Loss Facility (for 1 securitisation transaction)	36.27
चलनिधि सुविधा (2 प्रतिभूतिकरण लेन-देनों के लिए) Liquidity Facility (for 2 securitisation transactions)	33.25
कुल Total	69.52

	• ऋण के प्रकार के अनुसार विभक्त तुलन पत्र में शामिल न किए गए प्रतिभूतिकरण ऋण off-balance sheet securitisation exposures broken down by exposure type	शून्य NIL
	• प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण ऋणों की कुल राशि और संबद्ध पूंजी प्रभार, ऋणों में विभक्त और हरेक विनियामक पूंजी दृष्टिकोण के लिए अलग-अलग जोखिम भार दायरे में पुनः विभक्त Aggregate amount of securitisation exposures retained or purchased and the associated capital charges, broken down between exposures and further broken down into different risk weight bands for each regulatory capital approach	(₹ करोड़) (₹ Crore)

सुविधा Facility	**100 % सीसीआर पर राशि Amt. At 100% CCR**	**रेटिंग Rating**	**जोखिम भार Risk Weight**
चलनिधि सुविधा Liquidity Facility	33.25	समूह रेटिंग एएए (एसओ) (फिच) Pool rating AAA(SO) by FITCH	20%

	• ऋण सहायता जिन्हें टीयर I पूंजी से पूरी तरह से घटाया गया है, कुल पूंजी में से घटाए गए ऋण वृद्धिकारी बकाया लिखत और कुल पूंजी में से घटाए गए अन्य ऋण Exposures that have been deducted entirely from Tier 1 capital, credit enhancing I/Os deducted from total capital, and other exposures deducted from total capital.	क. पीटीसी का आवास ऋण प्रतिभूतिकरण : ₹ 6.71 करोड़ a. Home Loan Securitisation of PTCs ₹. 6.71crore. ख. द्वितीय हानि सुविधाः ₹ 36.27 करोड़ b. Second Loss Facility ₹ 36.27 crore. (टीयर I तथा टीयर II, प्रत्येक से ₹ 21.29 करोड़ की कटौती) (₹ 21.49 crore. deducted from Tier I and Tier II each)
घ. **d.**	**व्यापारिक बही में बैंक के प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के संबंध में मात्रात्मक प्रकटन निम्नलिखित हैं :** **Quantitative disclosures with respect to securitisation activities of the Bank in the Trading book are as follows:**	
1.	बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत ऋण सहायता की कुल राशि जिनके लिए बैंक ने कुछ ऋण जोखिमों को अपने पास रखा है और जो ऋण के प्रकार के अनुसार बाज़ार जोखिम दृष्टिकोण के अधीन हैं. Aggregate amount of exposures securitised by the bank for which the bank has retained some exposures and which is subject to the market risk approach, by exposure type.	शून्य NIL
2.	निम्न की कुल राशि : • ऋण के प्रकार के अनुसार अलग-अलग वर्णित प्रतिधारित या खरीदे गए तुलन पत्र में शामिल किये गये प्रतिभूतिकरण ऋणः तथा Aggregate amount of: • on-balance sheet securitisation exposures retained or purchased broken down by exposure type; and	क्रय किए गए (बकाया निवेश) - ₹ 89.35 करोड़ Purchased (Investments Outstanding)- ₹.89.35 crore.
	• ऋण के प्रकार के अनुसार अलग-अलग दिये गये तुलन-पत्रेतर प्रतिभूतिकरण ऋण. off-balance sheet securitisation exposures broken down by exposure type.	शून्य NIL

<table>
<tr><td>3.</td><td>निम्न के लिए अलग-अलग प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण ऋणों की कुल राशि:
Aggregate amount of securitisation exposures retained or purchased separately for:</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>• विशिष्ट जोखिम के लिए व्यापक जोखिम उपाय के अधीन प्रतिधारित या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण ऋण: तथा
securitisation exposures retained or purchased subject to Comprehensive Risk Measure for specific risk; and</td><td>शून्य
NIL</td></tr>
<tr><td></td><td>• विभिन्न जोखिम भार दायरों में विभक्त विशिष्ट जोखिम के लिए प्रतिभूतिकरण ढाँचे के अधीन प्रतिभूतिकरण ऋण
securitisation exposures subject to the securitisation framework for specific risk broken down into different risk weight bands.</td><td>बकाया निवेश : ₹ 89.35 करोड़
Investments Outstanding-₹.89.35 crore.</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>निम्न की कुल राशि :
Aggregate amount of:
• प्रतिभूतिकरण ऋणों के लिए पूंजी अपेक्षाएं, अलग-अलग जोखिम भार दायरे में विभक्त प्रतिभूतिकरण ढाँचे के अधीन
the capital requirements for the securitisation exposures, subject to the securitisation framework broken down into different risk weight bands.</td><td>(₹ करोड़) (₹ Crore)
<table>
<tr><th>सुविधा
Facility</th><th>100 % सीसीआर पर राशि
Amt. At 100% CCR</th><th>रेटिंग
Rating</th><th>जोखिम भार
Risk Weight</th></tr>
<tr><td>बकाया निवेश
Investment Outstanding</td><td>89.35</td><td>एएए (एसओ) (क्रिसिल, केयर एवं फिच्च)
AAA(SO) (CRISIL, CARE & FITCH)</td><td>20%</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td></td><td>• ऋण जिन्हें टीयर I पूंजी से पूरी तरह से घटाया गया है, कुल पूंजी में से घटाए गए ऋण वृद्धिकारी बकाया लिखत और कुल पूंजी में से घटाए गए अन्य ऋण
securitisation exposures that are deducted entirely from Tier I capital, credit enhancing I/Os deducted from total capital, and other exposures deducted from total capital.</td><td>शून्य
NIL</td></tr>
</table>

डीएफ-8: व्यापार बही में बाजार जोखिम:

DF-8: Market Risk in Trading Book

बाजार जोखिम का अर्थ है ब्याज दरों, इक्विटी दरों, विनिमय दरों और पण्य दरों जैसे बाजार को प्रभावित करने वाले कारकों में उतार-चढ़ाव तथा अस्थिरता के कारण निवेश के मूल्य में होने वाली हानि की जोखिम है. बैंक को स्वयं के साथ-साथ ग्राहकों की ओर से भी किए जाने वाले कारोबारी कार्यकलापों के कारण बाजार जोखिम का सामना करना पड़ता है. बैंक इन कार्यकलापों से होने वाली वित्तीय ऋण सहायता पर अपनी जोखिम प्रबंध व्यवस्था के तहत निगरानी व प्रबंधन रखता है, जिसके तहत वित्तीय बाजारों की अप्रत्याशित प्रकृति पर नजर रखने के साथ-साथ शेयरधारकों की पूंजी पर पड़ने वाले किसी विपरीत प्रभाव को न्यूनतम करने का प्रयत्न किया जाता है.

Market Risk is the risk of loss in the value of an investment due to adverse movements in the level of the market variables such as interest rates, equity rates, exchange rates and commodity rates, as well as volatilities in them. The Bank is exposed to market risk through its trading activities, which are carried out on its own account as well as those undertaken on behalf of its customers. The Bank monitors and manages the financial exposures arising out of these activities as an integral part of its overall risk management system, which takes cognizance of the unpredictable nature of the financial markets and is striving in minimizing any adverse impact on the Shareholders wealth.

बैंक ने परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति, बाजार जोखिम नीति, निवेश नीति और डेरिवेटिव नीति जैसी नीतियां तैयार की हैं, जो बोर्ड द्वारा अनुमोदित हैं. इन नीतियों से यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा विनिमय और डेरिवेटिव के परिचालन उचित व मान्य कारोबार प्रथा के अनुरूप तथा विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाएं. इन नीतियों में वित्तीय लिखतों के लेन-देन के संबंध में सीमाएं तय की गई हैं. कारोबार आवश्यकताओं व आर्थिक परिवेश में होने वाले परिवर्तनों और संशोधित नीति-निर्देशों को देखते हुए इनमें आवश्यक परिवर्तन के लिए इन नीतियों की आवधिक रूप से समीक्षा भी की जाती है.

The Bank has formulated as Asset Liabilities Management (ALM) Policy, a Market Risk Policy, an Investment Policy and Derivative Policy, which are approved by the Board. These policies ensure that operations in securities, foreign exchange and derivatives are conducted in accordance with sound and acceptable business practices and are as per the extant regulatory guidelines. The policies contain the limit structure that governs transactions in financial instruments. The policies are reviewed periodically to incorporate changed business requirements, economic environment and revised policy guidelines.

बैंक की परिसंपत्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को) में वरिष्ठ कार्यपालक होते हैं और तुलन-पत्र जोखिमों का सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंध करने के लिए इसकी नियमित रूप से बैठकें होती हैं. एल्को चलनिधि, ब्याज दर व विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम जैसे बाज़ार जोखिमों के प्रबंध पर विशेष ध्यान देती है. ब्याज दर संवेदनशीलता विश्लेषण बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई) पर ब्याज दरों में घट-बढ़ के पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करता है.

The Asset Liability Management Committee (ALCO) comprising top executives of the Bank meet regularly to manage balance sheet risks in a coordinated manner. ALCO focuses on the management of market risks viz., liquidity, interest rate and foreign exchange risks. Interest rate sensitivity analysis measures the impact of interest rate movements on Net Interest Income (NII) of the Bank.

बाज़ार जोखिम नीति बैंक द्वारा प्रबंधित किये जाने वाले ट्रेडिंग जोखिमों की पहचान करता है. इस नीति के अंतर्गत लेखा बही में जोखिम प्रबंध के उपयुक्त स्तर के लिए आवश्यक संगठनात्मक संरचना, विभिन्न साधनों, पद्धतियों, प्रक्रियाओं आदि को भी निर्धारित किया गया है. बैंक द्वारा अपनाए जाने वाले प्रमुख जोखिम प्रबंधनों में ट्रेडिंग पोर्टफोलियो का मार्क टु मार्केट (एमटीएम) प्रबंध, व्यवहार्य भावी ऋण सहायता, स्ट्रेस टेस्टिंग आदि शामिल है.

The Market Risk Policy identifies the trading risks to be managed by the Bank. It also lays down the organizational structure, tools, systems, processes, etc., necessary for appropriate levels of risk management in the trading book. The major risk management tools employed by the Bank are Marked to Market (MTM) of trading portfolio, Potential Future Exposure, stress testing etc.

निवेश एवं डेरिवेटिव नीति रिजर्व बैंक के विभिन्न परिपत्रों के आधार पर तैयार की गई है. इस नीति के अंतर्गत लिखतों में निवेश के मानदंडों के अलावा ऐसे निवेश के प्रयोजन तथा बैंक से लेन-देन के लिए पात्र ग्राहकों के बारे में मानदंड निर्धारित किए गए हैं.

The Investment and Derivative policy has been drafted keeping in view the various circulars issued by RBI. The policy lays down the parameters for investments in instruments, the purpose for such investments and the eligible customers with whom Bank can transact.

बैंक निम्न व्यापक उद्देश्यों के साथ अपनी बाज़ार जोखिम का प्रबंध करता है :

The Bank manages its market risk with the broad objectives of

1. निवेशों, विदेशी मुद्रा विनिमयों और डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में निहित ब्याज दर जोखिम, मुद्रा जोखिम व इक्विटी जोखिम का प्रबंध

   Management of interest rate risk, currency risk and equity risk arising from the investments and foreign exchange and derivatives portfolio.

2. विभिन्न पोर्टफोलियो में लेन-देनों के संबंध में उचित वर्गीकरण, मूल्यांकन व लेखांकन.

   Proper classification, valuation and accounting of the transactions in various portfolios.

3. डेरिवेटिव, निवेश और विदेशी मुद्रा विनिमय उत्पादों से संबंधित लेन-देनों की उपयुक्त व उचित रिपोर्टिंग.

   Adequate and proper reporting of the transactions related to derivative, investment and foreign exchange products.

4. बाजार से संबंधित लेन-देनों के परिचालन व निष्पादन पर प्रभावी नियंत्रण

   Effective control over the operation and execution of market related transactions.

5. विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन

   Compliance with regulatory requirements.

ट्रेज़री परिचालनों में बाजार जोखिम की पहचान करने, मूल्यांकन करने, निगरानी रखने व रिपोर्टिंग का कार्य बाजार जोखिम समूह (एमआरजी) देखता है. यह समूह बाजार जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए नीतियों व प्रक्रियाओं में संशोधन सुझाता है. इस समूह की प्रमुख रणनीतियां व प्रक्रियाएं निम्नानुसार हैं:

The Market Risk Group (MRG), is responsible for identification, assessment, monitoring and reporting of market risk in Treasury operations. The group also recommends changes in policies and methodologies for measuring market risk. The main strategies and processes of the group are

1. प्रत्यायोजनः ट्रेज़री परिचालनों के लिए अधिकारों का उपयुक्त प्रत्यायोजन किया गया है. निवेश संबंधी निर्णय बोर्ड की निवेश समिति करती है. एमआरजी विभिन्न सीमाओं की निगरानी करता है, जो नीतियों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट की गई हैं.

   Delegation: Appropriate delegation of powers has been put in place for treasury operations. Investment decisions are vested with Investment Committee of the Board. MRG monitors the various limits, which have been laid down in the policies.

2. नियंत्रणः सिस्टम में पर्याप्त डाटा एकीकरण नियंत्रण हैं. इन नियंत्रणों का लेखापरीक्षा हेतु प्रयोग किया जाता है.

   Controls: The systems have adequate data integrity controls. The controls are used for audit purpose.

3. अपवर्जन संचालन प्रक्रियाः नीतियों के अंतर्गत तय की गई सीमाएं सिस्टम में शामिल कर ली गई हैं ताकि इन्हें अपवर्जन को न्यूनतम करने के लिए लागू किया जा सके. यदि कोई उल्लंघन / अपवर्जन हो, तो उसे संबंधित प्राधिकारी द्वारा तुरंत दूर किया जाता है.

   Exception handling processes: The limits set in the policies have been inserted in the system for ensuring that the same is being enforced to minimize exceptions. The limit breaches/exceptions, if any, are ratified immediately from the concerned authorities.

   एमआरजी वरिष्ठ प्रबंधन और बोर्ड की समिति के सदस्यों को फॉरेक्स, निवेश व डेरिवेटिव उत्पाद संबंधी जोखिमों के बारे में आवधिक रूप से रिपोर्ट देता है. बैंक भी विनियामकों को रिपोर्टिंग अपेक्षाओं के अनुरूप रिपोर्टिंग करता है.

   The MRG periodically reports on the forex, investment and derivative product related risk measures to the senior management and the committees of the Board. The Bank also reports to regulators as per the reporting requirements.

   बैंक ने रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न उत्पादों के लिए अलग-अलग जोखिम मानदंड तय किए हैं. इन जोखिम मानदंडों के बारे में एमआरजी स्वतंत्र रूप से आकलन व वरिष्ठ प्रबंध को रिपोर्टिंग करता है.

   The Bank has devised various risk parameters for different products in line with the guidelines issued by RBI from time to time. These risk parameters are measured and reported to the senior management independently by MRG.

बैंक द्वारा अपनी जोखिमों पर निगरानी रखने के लिए अपनाए जाने वाले जोखिम मानदंडों में संशोधित अवधि, आधार बिंदु का मूल्य (पीवी 01), हानि-रोध, अंतर सीमा निवल आरंभिक राशि सीमा, ओपन ग्रीक आदि शामिल हैं. बैंक की जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर जोखिम मैट्रिक्स पर सीमाएं रखी जाती हैं तथा उन पर आवधिक आधार पर निगरानी रखी जाती है.

The risk parameters adopted by the Bank for monitoring its risks are modified duration, price value of basis point (PV01), stop loss, gap limits, net open position limits, option greeks etc. Based on the risk appetite of the Bank, limits are placed on the risk metrics which are monitored on a periodic basis.

ख) बाज़ार जोखिमों के लिए पूंजी प्रभार का समूहन

b) Aggregation of capital charge for market risks

(₹ करोड़) (₹ Crore)

	जोखिम श्रेणी **Risk Category**	**पूंजी प्रभार** **Capital charge**
क **a.**	**जोखिम विशेष के कारण पूंजी प्रभार** **Capital Charge on account of specific risk**	**628.06**
i)	ब्याज दर संबंधी लिखतों पर / On interest rate related	252.54
ii)	इक्विटी पर / On equities	375.52
iii)	डेरिवेटिव पर / On derivatives	0
ख **b.**	**सामान्य बाजार जोखिम के कारण पूंजी प्रभार** **Capital charge on account of general market risk**	**569.24**
i)	ब्याज दर संबंधी लिखतों पर / On interest rate related instruments	160.03
ii)	इक्विटी पर / On equities	375.52
iii)	विदेशी मुद्रा विनिमय पर / On Foreign exchange	31.5
iv)	बहुमूल्य धातुओं पर / On precious metals	0
v)	डेरिवेटिव्स पर (एफएक्स विकल्प) / On derivatives (FX Options)	2.19
	व्यापारिक बही पर कुल पूंजी प्रभार (क + ख)	
	Total Capital Charge on Trading Book (a+b)	1,197.30
	व्यापारिक बही पर कुल जोखिम भारित परिसंपत्तियां	
	Total Risk Weighted Assets on Trading Book	**13,303.33**

डीएफ-9 : परिचालन संबंधी जोखिम :

DF-9: Operational Risk

परिचालन संबंधी जोखिम प्रत्यक्ष या परोक्ष हानि का जोखिम है, जो आंतरिक कार्यकलापों, व्यक्तियों और पद्धतियों में खामियों या असफलताओं के कारण या बाहरी घटनाओं के कारण होता है. बैंक ने अपने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्रबंधन को परिचालन संबंधी जोखिम को समझने व उनका प्रबंध करने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से परिचालन जोखिम प्रबंध ढांचा तैयार किया है. बैंक ने परिचालन संबंधी जोखिम से जुड़े विभिन्न मामलों के लिए परिचालन जोखिम समूह (ओआरजी) का गठन किया है. परिचालन जोखिम विश्लेषण तथा इसकी स्थिति के संबंध में बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) को आवधिक रूप से अवगत कराया जाता है.

Operational Risk is the risk of loss resulting from inadequate or failed internal processes, people and systems or from external events and is inherent in Bank's business activities. To keep a check on these risks, the Bank has developed an Operational risk management framework to support its senior and line management in better understanding and managing operational risk. The Bank has constituted an Operational Risk Group (ORG) to deal with various operational risk matters. Operational risk analysis and status are periodically presented to the Risk Management Committee (RMC) of the Board.

बैंक की एक सुपरिभाषित परिचालन जोखिम नीति है, जिसका उद्देश्य परिचालन संबंधी जोखिम की पहचान व उसका मूल्यांकन कर उसे न्यूनतम करना है. इस नीति का उद्देश्य बैंकिंग परिचालनों से संबंधित जोखिमों की पहचान कर उनका मूल्यांकन करना तथा इस पर निगरानी व न्यूनीकरण हेतु साधन, पद्धति व प्रक्रिया तैयार करना है.

The Bank has a well-defined Operational Risk Policy which aims to identify, measure and mitigate operational risks. The main objectives of the policy are identifying and assessing operational risks pertaining to banking operations and developing tools, systems and processes to monitor and mitigate these risks.

परिचालन जोखिम को समय पर ही न्यूनतम करने के लिए बैंक मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) का उपयोग करता है तथा संवेदनशील पाए गए चुनिंदा कार्यों के लिए जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) संचालित करता है. केआरआई बैंक के परिचालनों के लिए मुख्य जोखिम संकेतक है तथा प्रत्येक केआरआई के लिए ट्रिगर सीमाएं तय की गई हैं. आरसीएसए एक प्रणाली है, जो बैंक को परिचालन जोखिम का आकलन व मूल्यांकन करने तथा प्रत्येक कारोबार प्रक्रिया के लिए प्रभावी नियंत्रण करने में सहायता प्रदान करती है. इससे बैंक को जोखिम स्तरों को स्पष्ट रूप से समझने में मदद मिलती है और इस प्रकार प्रभावी नियंत्रण से परिचालन जोखिम का सशक्त प्रबंधन होता है. बैंक रिज़र्व बैंक के बासेल II संबंधी दिशा-निर्देशों में परिभाषित किए अनुसार कारोबार क्षेत्रों के लिए परिचालन हानि संबंधी आँकड़े भी संग्रहित करता है.

To ensure timely mitigation of operational risk, the Bank uses Key Risk Indicators (KRIs) and conducts Risk and Control Self Assessment (RCSA) for select functions which have been identified as critical. KRIs are the prime risk indicators in the operations of the Bank and trigger limits are set for each KRI. RCSA is a methodology which helps the Bank to assess and examine the operational risks faced and the effectiveness of the controls used for each business process. It enables the Bank to have a clear understanding of the risk levels and the effectiveness of controls thus ensuring sound operational risk management. The Bank also collects Operational loss data for business lines as have been defined by RBI guidelines on Basel II.

परिचालन संबंधी जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकताओं की गणना के लिए बैंक बासेल- II दिशानिर्देशों के अनुसार फिलहाल मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) अपना रहा है. उन्नत दृष्टिकोण अपनाने के लिए बैंक ने अपने सिस्टम को उन्नत किया है और एक नया परिचालन जोखिम सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जिसमें आरसीएसए, केआरआई, हानि आँकड़ा संग्रहण और हानि आँकड़ा मॉडलिंग नामक चार मॉड्युल शामिल हैं.

The Bank currently follows the Basic Indicator Approach (BIA) as per RBI guidelines on Basel II for calculation of capital charge for operational risk. To migrate to advanced approaches the Bank has upgraded its systems and implemented a new operational risk software which comprises of four modules namely RCSA, KRI, Loss data collection and Loss data modeling.

बैंक ने कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) भी शुरू की है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है कि कोई आपदा होने पर व्यवधान कम-से-कम रहे.

The Bank also has in place a Business Continuity Plan (BCP), which is framed to ensure customer service with minimal interruptions in the event of a disaster.

डीएफ-10: बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

DF-10: Interest Rate Risk in Banking Book (IRRBB)

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम से आशय ब्याज दर में होने वाले परिवर्तनों के कारण बैंक के अर्जन तथा परिसंपत्तियों और देयताओं के मूल्य पर पड़ने वाले संभाव्य प्रभाव से है. ब्याज दर में सामान्य परिवर्तन के अलावा विभिन्न उत्पादों / लिखतों में ब्याज दरों में घट-बढ़ (अर्थात सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिलाभ, मीयादी जमाराशियों पर ब्याज दर, अग्रिमों पर उधार दर आदि) भी ब्याज दर जोखिम का प्रमुख कारण है. ब्याज दरों में परिवर्तन से निवल ब्याज आय (ब्याज आय में से ब्याज व्यय घटाकर) में घट-बढ़ के माध्यम से बैंक की अर्जन पर तथा इसके साथ ही परिसंपत्तियों व देयताओं के आर्थिक मूल्य में घट-बढ़ के माध्यम से इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर भी असर पड़ता है. अर्जन और इक्विटी के आर्थिक मूल्य में परिवर्तन का परिमाण मुख्यतः परिपक्वता के आकार तथा बैंक की परिसंपत्तियों व देयताओं के पुनर्मूल्यन असंतुलन पर निर्भर करता है.

Interest rate risk in the banking book refers to the potential impact on the Bank's earning and economic value of assets and liabilities due to adverse movement in interest rates. Besides the general change in interest rate, variation in the magnitude of interest rate change among the different products/ instruments (e.g., yield on Government securities, interest rate on term deposits, lending rate on advances etc.,) is also a significant source of interest rate risk. Changes in interest rates affect the Bank's earning through variation in its net interest income (interest income minus interest expenses) and as well as economic value of equity through net variation in economic value of assets and liabilities. The

extent of change in earning and economic value of equity primarily depends on the nature and magnitude of maturity and re-pricing mismatches between the Bank's assets and liabilities.

ब्याद दर जोखिम प्रबंध के महत्व को समझते हुए बैंक ने एक उचित परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) सिस्टम तैयार किया है, जिसमें बोर्ड द्वारा अनुमोदित ब्याज दर जोखिम प्रबंध नीति तथा इस सिस्टम के लिए रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रक्रिया व सीमा संरचना शामिल की गई है. ब्याज दर जोखिम प्रबंध का उद्देश जोखिम के संसाधन की पहचान कर उपयुक्त प्रणाली से उनका परिमाण मापना तथा परिपक्वता संरचना, मूल्यन, उत्पाद व ग्राहक समूह मिश्र के संबंध में बोर्ड द्वारा अनुमोदित समग्र ब्याज दर जोखिम क्षमता के तहत उचित निधीयन करना, उधार देना व तुलन-पत्र से परे रणनीतियां बनाना है. बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम के लिए बैंक की गुंजाइश निवल ब्याज आय और इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर भावी प्रभाव के संबंध में विनिर्दिष्ट की गई है. परिसंपत्ति देयता संबध समिति (एल्को) जोखिम के मापन, निगरानी व ब्याज दर जोखिम प्रबंध के लिए जोखिम नियंत्रण पहल को नियमित रूप से सुनिश्चित करती है. एएलएम असंतुलन की निगरानी व इसके प्रभावी प्रबंध के लिए एल्को को रणनीति की सिफारिश करने के लिए एक पृथक तुलन-पत्र प्रबंध समूह (बीएसएमजी) बनाया गया है. दैनिक आधार पर एएलएम रिपोर्ट जरनेशन के लिए उचित सूचना प्रणाली स्थापित की गई है.

Recognising the importance of interest rate risk management, the Bank has put in place appropriate Asset Liability Management (ALM) system which includes Board approved interest rate risk management policy, procedures and limit structure in line with the RBI guidelines for ALM system. The objectives of interest rate risk management are to identify the sources of risks and measure their magnitude in terms of appropriate methods, and follow appropriate funding, lending and off-balance sheet strategies with respect to maturity structure, pricing, product and customer group mix within the overall interest rate risk exposure appetite approved by the Board. The Bank's tolerance level for interest rate risk in the banking book is specified in terms of potential impact of net interest income and economic value of equity. Asset Liability Management Committee (ALCO) of the Bank is responsible to ensure regular measurement, monitoring and risk control initiatives for the Bank's interest rate risk management. A separate Balance Sheet Management Group (BSMG) has been created to regularly measure and monitor ALM mismatches and recommend strategies to ALCO for effective management. Adequate information system has been put in place for system based ALM report generation on a daily basis.

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिमों के मापन व निगरानी का कार्य ब्याज दर संवेदनशीलता (मूल्य का पुनर्निर्धारण) अंतर, अवधि अंतर पद्धतियों द्वारा तथा अर्जन (निवल ब्याज आय पर असर) एवं आर्थिक मूल्य परिप्रेक्ष्य (इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर असर) जैसे दोनों ही परिदृश्य आधारित विश्लेषणों के जरिए किया जाता है. ब्याज दर संवेदनशीलता अंतर रिपोर्ट की तैयार करते समय विभिन्न मूल्य-समूह की ब्याज दर जोखिम की दृष्टि से संवेदनशील परिसंपत्तियों व देयताओं को उनकी परिपक्वता की शेष रही अवधि या मूल्य पुनर्निर्धारण की अगली तारीख, जो भी पहले हो, के आधार पर रखा जाता है. इस रिपोर्ट के लिए अपनाई जानेवली धारणाओं में से सबसे प्रमुख बचत बैंक जमाराशियों को '3 माह से अधिक से 6 माह तक' के समूह में डालना तथा बीपीएलआर या आधार दर से संबंध्द अग्रिमों को '3 माह से अधिक से 6 माह तक' के समूह में डालना है, क्योंकि इन परिसंपत्तियों व देयताओं के मूल्य के पुनर्निर्धारण की कोई पूर्व-विनिर्दिष्ट तारीख़ नहीं होती. अवधि अंतर विश्लेषण ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील परिसंपत्तियों व देयताओं की अवधि व भावी नकदी प्रवाह के वर्तमान मूल्य की गणना के आधार पर किया जाता है. परिदृश्य विश्लेषण निवल ब्याज आय तथा विभिन्न ब्याज दर परिदृश्य के अंतर्गत पूंजी के आर्थिक मूल्य पर होनेवाले असर का मापन करने के लिए किया जाता है.

Measurement and monitoring of interest rate risks in the banking book are carried out through the methods of Interest Rate Sensitivity (re-pricing) gap, Duration gap and Scenario based analysis covering both earning (impact on net interest income) and economic value perspective (impact on economic value of equity). Preparation of interest rate sensitivity gap report involves bucketing of all interest rate sensitive assets and liabilities into different time buckets based on their respective remaining term to maturity or next repricing date, whichever is earlier. Major assumptions made for this report are for bucketing of saving bank deposits into 'over 3 months to 6 months' and advances linked to BPLR or Base Rate into 'over 3 months – 6 months' as these liabilities and assets do not have prior-specified re-pricing date. Duration gap analysis is done based on computation of duration and present value of future cash flows of the interest rate sensitive assets and liabilities. Scenario analysis is done to measure impact on net interest income and economic value of capital under different interest rate scenario.

एल्को अपनी मासिक बैठकों में ब्याज दर जोखिम की नियमित रूप से निगरानी करती है तथा जमाराशियों व अग्रिमों के संयोजन व वृद्धि, जमाराशियों व अग्रिमों के मूल्य-निर्धारण तथा मुद्रा बाजार परिचालन व निवेश बहियों आदि के प्रबंधन के लिए उचित कदम उठाती है / निर्देश देती है, ताकि बैंकिंग बही में आंतरिक सीमाओं के भीतर ही ब्याज दर जोखिम का प्रबंध किया जा सके. ब्याज दर जोखिम की स्थिति से नियमित रूप से बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति तथा रिज़र्व बैंक को अवगत कराया जाता है.

ALCO regularly monitors the interest rate risk exposures at its monthly meeting and takes appropriate steps/ provides directions on composition and growth of deposits and advances, pricing of deposits and advances and management of money market operations and investment books etc., to control interest rate risks of the banking book within the internal limits. Interest rate risk position is periodically reported to Risk Management Committee of the Board and also to RBI.

31 मार्च 2011 के अनुसार अर्जन में भावी गिरावट (वृद्धि) तथा ऊर्ध्वमुखी (अधोमुखी) ब्याज दर आघात के संबंध में सामान्य पद्धति से बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम का परिमाण निम्नानुसार है:

Magnitude of interest rate risks in the banking book in terms of the potential decline (increase) in earnings and economic value for upward (downward) interest rate shocks as per usual methods as on March 31, 2011 is given below:

ब्याज दर में 100 आधार बिंदुओं के समानांतर परिवर्तन का प्रभाव **Impact of parallel shift in Interest Rate by 100 basis points**	
	(₹ करोड़) (₹ Crore)
ब्याज दर परिवर्तन की तुलना में निवल ब्याज आय की संवेदनशीलता Sensitivity of Net Interest Income to Interest rate change (जोखिम पर अर्जन) (Earning at Risk)	ब्याज दर परिवर्तन की तुलना में इक्विटी के आर्थिक मूल्य (ईवीई) की संवेदनशीलता Sensitivity of Economic Value of Equity (EVE) to Interest rate change (जोखिम पर आर्थिक मूल्य) (Economic Value at Risk)
(समयावधि : 1 वर्ष) (Time Horizon: 1 year)	
एनआईआई पर प्रभाव Impact on NII	ईवीई पर प्रभाव Impact on EVE
36.80	2392.38